# कार्यपत्रक -5

निम्नलिखित अपठित गद्यांशों को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दो।

2. बढ़ती जनसंख्या ने अनेक प्रकार की समस्याओं को जन्म दिया है- रोटी, कपड़ा, मकान की कमी, बेरोजगारी, निरक्षता, कृषि एवं उद्योगों के उत्पादनों में कमी आदि। हम जितना अधिक उन्नति करते हैं या विकास करते हैं जनसंख्या उनके अनुपात में कहीं अधिक बढ़ जाती है। बढ़ती जनसंख्या के समक्ष सभी सरकारी प्रयास असफल दिखाई देते हैं। कृषि उत्पादन और औद्योगिक विकास बढ़ती जनसंख्या के सामने नगण्य सिद्ध हो रहे हैं। इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए जनसंख्या वृधि पर नियंत्रण की अति आवश्यकता है। इसके बिना विकास के लिए किए गए सभी प्रकार के प्रयत्न अधूरे रह जाएँगे।

**प्रश्न**

(क) बढ़ती जनसंख्या ने किसे जन्म दिया है?

(i) दुर्गुणों को

(ii) अनेक प्रकार की समस्याओं को

(iii) दुर्भावनाओं को

(iv) अनेक प्रकार की विपदाओं को।

(ख) विकास कार्य क्यों नहीं दिखाई देते ?

(i) राजनीतिक अक्षमता के कारण

(ii) समस्याओं के कारण

(iii) भ्रष्टाचार के कारण

(iv) जनसंख्या की वृद्धि के कारण

(घ) बढ़ती जनसंख्या के समक्ष कौन से प्रयास असफल दिखाई देते हैं?

(i) सभी सरकारी प्रयास

(ii) सभी मानवीय प्रयास

(iii) सभी गैर-सरकारी प्रयास

(iv) सभी सामाजिक प्रयास

(ङ) "नगण्य" शब्द का सही अर्थ है

(i) बहुत

(ii) थोड़ा

(iii) पर्याप्त

(iv) अपर्याप्त

3

जीवन में बहुत अंधकार है और अंधकार की ही भाँति अशुभ और अनीति है| कुछ लोग इस अंधकार को स्वीकार कर लेते हैं और तब उनके भीतर जो प्रकाश तक पहुँचने और पाने की आकांक्षा थी, वह क्रमशः क्षीण होती जाती है| मैं अंधकार की इस स्वीकृति को मनुष्य का सबसे बड़ा पाप कहता हूँ| यह मनुष्य का स्वयं अपने प्रति किया गया अपराध है| उसके दूसरों के प्रति किए गए अपराधों का जन्म इस मूल पाप से ही होता है| यह स्मरण रहे कि जो व्यक्ति अपने ही प्रति इस पाप को नहीं करता है, वह किसी के भी प्रति कोई पाप नहीं कर सकता है| किन्तु कुछ लोग अंधकार के स्वीकार से बचने के लिए उसके अस्वीकार में लग जाते हैं| उनका जीवन अंधकार के निषेध का ही सतत उपक्रम बन जाता है|

1. गधांश में 'अन्धकार' शब्द किस ओर संकेत करता है?

A. पाप की ओर

B. बुराइयों और कठिनाइयों की ओर

C. अपराधों की ओर

D. गरीबी की ओर

2. लेखक ने किसे सबसे बड़ा पाप कहा है?

A. प्रकाश पाने की क्षीण आकांक्षा

B. मनुष्य का अपने प्रति पाप न करना

C. अंधकार को स्वीकार न करना

D. अन्धकार को स्वीकार कर लेना

3. जब व्यक्ति स्वयं के प्रति किए गए अन्याय, शोषण के विरुद्ध आवाज नहीं उठाता, तो

A. इससे दूसरों के प्रति अन्याय, शोषण को बढ़ावा मिलता है

B. वह केवल अपने प्रति अन्याय करता है

C. इससे शांति का माहौल बना रहता है

D. वह दण्ड का अधिकारी बन जाता है

4. 'अन्धकार का निषेध' किस ओर संकेत करता है?

A. अन्याय, शोषण, बुराइयों को सदा के लिए समाप्त करना

B. समाज में फैले अन्धकार को प्रकाश में बदल देना

C. समाज को अन्धकार से मुक्त करने के लिए प्रयत्नशील रहना

D. यह मानना कि समाज में अन्याय, शोषण, बुराइयाँ नहीं हैं

5. इस गद्यांश का मुख्य उद्देश्य है

2454

A. अन्धकार और प्रकाश की व्याख्या करना

B. अन्याय और बुराइयों को दूर करने के लिए प्रेरित करना

C. तरह-तरह के लोगों की विशेषताएँ बताना

D. पाप और पुण्य की व्याख्या करना